Government of Western Australia
Department of Health
Public and Aboriginal Health Division

कक्षा 7 के लिए स्कूल-आधारित टीकाकरण कार्यक्रम - माता-पिता के लिए सूचना

टीकाकरण क्यों महत्वपूर्ण है?

टीकाकरण लोगों को संक्रामक रोगों से बचाता है जिनमें गंभीर बीमारी, विकलांगता और मृत्यु का उच्च जोखिम होता है। टीके एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को ट्रिगर (शुरू) करते हैं जो पर्यावरण में फिर से बीमारी के संपर्क में आने पर लोगों की रक्षा करता है।

ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान में उपलब्ध सभी टीकों को स्वीकृत होने से पहले कड़े सुरक्षा परीक्षणों से गुजरना होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए टीकों की लगातार जाँच की जाती है कि वे सुरक्षित और प्रभावी हैं। सभी दवाओं और टीकों के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। कभी-कभी वे गंभीर होते हैं, अधिकांश समय वे गंभीर नहीं होते हैं। टीके की सुरक्षा और आम और दुर्लभ दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी के लिए, कृपया यहां और पढ़ें: healthwa.wa.gov/immunisation

स्कूल आधारित टीकाकरण कार्यक्रम

इस कार्यक्रम के माध्यम से, आपके बच्चे को नि:शुल्क, नियमित और निम्नलिखित से बचाव के लिए अनुशंसित टीके दिए जाते हैं:

- डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस (काली खांसी) - 1 इंजेक्शन
- ह्यूमन पेपिलोमावायरस (HPV) - 1 इंजेक्शन।

आप इन बीमारियों और इनसे बचाव के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले टीकों के बारे में अधिक पढ़ सकते हैं: healthwa .wa.gov.au/immunisation

आपको क्या करने की आवश्यकता है

माता-पिता/अभिभावक के तौर पर, आपको निम्नलिखित के माध्यम से सहमति प्रदान करने की आवश्यकता है:

VaccinateWA ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (vaccinatewa.health.wa.gov.au)*

या

healthywa.wa.gov.au/schoolimmunisations पर एक फॉर्म प्रिंट करके और इसे स्कूल को वापस करके

*City of Joondalup और Christmas and Cocos Islands में आने वाले स्कूलों के लिए यह विकल्प अनुपलब्ध है।

केवल उन विद्यार्थियों को उस दिन वैक्सीन लगाई जाएगी जिनके माता-पिता/अभिभावक ने 'हाँ' में जवाब दिया होगा।

यदि आपके बच्चे को उस दिन टीकाकरण नहीं मिला है, तो आपको सूचित किया जाएगा, और वैकल्पिक टीकाकरण विकल्पों की पेशकश की जाएगी।

इससे पहले कि आपके बच्चे को टीका लगाया जाए

हल्की, सामान्य बीमारी, जैसे सर्दी-जुकाम निम्न-श्रेणी के बुखार जिसमें सर्दी-जुकाम हो, इससे टीकाकरण में विलंब नहीं पड़ना चाहिए। हालांकि कुछ मामलों में यह सिफारिश की जाती है कि अंतर्निहित चिकित्सीय स्थितियों के कारण टीकाकरण को रोक दिया जाए या उसमें देरी की जाए। अपनी टीकाकरण नर्स या स्कूल को बताएं कि क्या आपके बच्चे को:

- किसी पिछले टीकाकरण के बाद तीव्र प्रतिक्रिया हुई है
- गंभीर एलर्जी का इतिहास है जहां टीकाकरण की सिफारिश नहीं की जाती है
- पिछले महीने के भीतर एक टीका लिया है
  उदा. तपेदिक, खसरा, पीला बुखार
- इम्युनोग्लोबुलिन का इंजेक्शन लगाया है
  या पिछले तीन महीनों में उसका संपूर्ण रक्त आधान हुआ है
- एक बीमारी है जो प्रतिरक्षा को कम करती है,
  (उदाहरण के लिए ल्यूकेमिया, कैंसर, एचआईवी/एड्स) या उसका उपचार चल रहा है जो प्रतिरक्षा को कम करता है (उदाहरण के लिए स्टेरॉयड दवाएं जैसे हाइड्रोकार्टिसोन या प्रेडनिसोलोन, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी)
- किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहता है जिसे ऐसी बीमारी है जो प्रतिरक्षा को कम करती है या जिसका उपचार हो रहा है जो प्रतिरक्षा को कम करता है
- टीकाकरण के समय अस्वस्थ है।

टीकाकरण के बाद देखभाल

सुई लगाने वाली जगह लाल हो सकती है और सूजी हुई हो सकती है - एक ठंडा नम कपड़ा लगाएं।

कुछ दर्द, बुखार, सिरदर्द या थकान हो सकती है। सिरदर्द और दर्द के लिए, लेबल पर दिए निर्देशानुसार पैरासिटामोल दें। अगर बुखार बना रहता है, तो अपने डॉक्टर से सलाह लें।

टीकों के सामान्य और दुर्लभ दुष्प्रभावों के बारे में अधिक जानकारी के लिए यह वेबसाइट देखें healthwa.wa.gov.au/immunisation।

अगर आपको लगता है कि कोई प्रतिक्रिया गंभीर या अप्रत्याशित है, तो तुरंत चिकित्सा सलाह लें।

WA में सभी टीकाकरण प्रदाताओं के लिए टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रतिक्रिया की रिपोर्ट करना कानूनन आवश्यक है। टीकाकरण के बाद माता-पिता किसी गंभीर प्रतिक्रिया के बारे में रिपोर्ट भी कर सकते हैं। healthwa.wa.gov.au/WAVSS पर या 6456 0208 पर कॉल करें।

टीकाकरण रिकॉर्ड

टीकाकरण के बाद, छात्रों को प्राप्त किए गए टीकों का एक रिकॉर्ड प्राप्त होगा।

स्कूल-आधारित कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासित सभी टीकों को ऑस्ट्रेलियाई टीकाकरण रजिस्टर (AIR) में दर्ज किया जाता है।

आप AIR से अपने बच्चे के टीकाकरण इतिहास विवरण तक पहुँच सकते हैं ताकि यह पता चल सके कि उनका टीकाकरण अप टू डेट है।

संपर्क

आपका स्थानीय चिकित्सक

आपका स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल या सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई
healthwa.wa.gov.au/publichealthunits

healthdirect Australia
फ़ोन: 1800 022 222

अधिक जानकारी

स्वास्थ्य विभाग
healthwa.wa.gov.au/immunisation

राष्ट्रमंडल स्वास्थ्य विभाग
1800 671 811 या
health.gov.au/health-topics/immunisation

HealthyWA
healthywa.wa.gov.au

विकलांग व्यक्ति के अनुरोध पर यह दस्तावेज़ वैकल्पिक स्वरूपों में उपलब्ध कराया जा सकता है।

संचारी रोग नियंत्रण निदेशालय द्वारा निर्मित
© स्वास्थ्य विभाग 2024

इस सामग्री का कॉपीराइट पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य में निहित है जब तक कि अन्यथा इंगित न किया गया हो। निजी अध्ययन, अनुसंधान, आलोचना या समीक्षा के प्रयोजनों के लिए किसी भी उचित व्यवहार के अलावा, जैसा कि के प्रावधानों के तहत अनुमति दी गई है , पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य की लिखित अनुमति के बिना किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी भाग का पुनरुत्पादन या पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता है।

IMM-013031 JAN'24